परिभाषा ⇒

सर्वनाम ⇒ सर्व (सब) नाम (संज्ञा) अर्थात जिन शब्दों का प्रयोग संज्ञा के स्थान पर किया जाता है, उन्हे सर्वनाम कहते है।

जैसे :-

राम खाना खाता है। संज्ञा

वह खाना खाता है। सर्वनाम

मैं, तू, वह, आप, कोई, यह, ये, वे हम, तुम, कुछ, कौन क्या, जो, सो, उसका, इसका, अपना, आप, स्वयं, खुद आदि।

Scanned with CamScanner

## * सर्वनाम के भेद *

सर्वनाम के छः भेद होते हैं =

1) पुरुषवाचक सर्वनाम
2) निश्चयवाचक सर्वनाम
3) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
4) संबंधवाचक सर्वनाम
5) प्रश्नवाचक सर्वनाम
6) निजवाचक सर्वनाम

Scanned with CamScanner

1) **पुरुषवाचक सर्वनाम** ⇒ जिन सर्वनाम शब्दों से किसी व्यक्ति विशेष का बोध होता है, उन्हे पुरुषवाचक सर्वनाम कहते है। पुरुषवाचक सर्वनाम स्त्री या पुरुष के नाम के बदले आते हैं। बोलने वाले, सुनने वाले और जिसके विषय में बात होती है, उनके लिए प्रयोग किये जाने वाले सर्वनाम पुरुषवाचक सर्वनाम कहलाते हैं।

Scanned with CamScanner

निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटिए :

(1) तुम बातें क्यों कर रहे हो?

(2) तुम्हारा नाम क्या है?

(3) ये मीठे फल होंगे।

(4) वह बहुत चतुर लड़का है।

(5) दूध में कुछ गिर गया है।

(6) मुझे तुम्हारी घड़ी चाहिए।

(7) उसे कुछ मत कहना।

(8) उन्हें रोको मत, जाने दो।

(9) जो जीता ; वही सिकंदर।

(10) गिलास किसने तोड़ा?

(11) इसने पत्थर फेंका है।

(12) दरवाजे पर कोई खड़ा है।

(13) किसके साथ दिल्ली जा रहे हो?

(14) तुम्हारे पैर में क्या हुआ?

(15) मैं खेलने जा रहा हूँ।

(16) मुझसे आज एक गलती हो गई।

(17) वे मेरे लिए मोबाइल लाए हैं।

Scanned with CamScanner

* **उत्तम पुरुषवाचक** **मध्यम पुरुषवाचक** **अन्य पुरुषवाचक**

**उत्तम पुरुषवाचक** ⇒ जिन सर्वनामों का प्रयोग बोलने वाला अपने लिए करता है, उन्हें उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं।

**जैसे** ⇒ मैं, हमारा, हम, मुझको, हमारी, मैंने, मेरा, मुझे आदि

**उदाहरण** ⇒ (मैं) स्कूल जाऊँगा।

(हम) [illegible]दान करेंगे।

Scanned with CamScanner

उदाहरण ! - तुम्हारे पिताजी क्या काम करते है?
तुम सो जाओ

* अन्य पुरुषवाचक ⇒ जिन सर्वनामों का प्रयोग किसी अन्य व्यक्ति यानी तीसरे व्यक्ति के लिए किया जाता है, उन्हे अन्य पुरुषवाचक कहते
जैसे ⇒ वे, वह, इनका, उन्हें, उन्होंने उसे, उसने आदि।

उदाहरण ⇒ वे मैच खेलेंगे।
उसे यहां बुलाओ।
उन्हे रोको मत।

Scanned with CamScanner

जैसे ⇒ मैं, हमारा, हम, मुझको, हमारा, मैंने, मेरा, मुझे आदि।

उदाहरण ⇒ मैं स्कूल जाऊँगा।

हम मतदान करेंगे।

* **मध्यम पुरुषवाचक** ⇒ जिन सर्वनामों का प्रयोग सुनने वाले के लिए किया जाता है उन्हे मध्यम पुरुषवाचक कहते है।

जैसे ⇒ तू, तुम, तुम्हे, आप, तुम्हारे, तुमने आदि

उदाहरण ! - तुम्हारे पिताजी क्या काम करते है?

तुम सो जाओ

Scanned with CamScanner

**निश्चयवाचक सर्वनाम** → जिस सर्वनाम के द्वारा पास या दूर स्थित व्यक्तियों, प्राणियों अथवा वस्तुओं की ओर संकेत किया जाये, उन्हें निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।

**जैसे** ⇒ यह, वह, ये, वे आदि।

**उदाहरण** ⇒ यह पुस्तक मेरी है।
ये पुस्तकें रानी की हैं।
वह घर मेरा है।
वे मोहन के मित्र हैं।

यह और ये निकटवर्ती वस्तुओं और व्यक्तियों की ... हैं तथा वह और वे दूर स्थि...

Scanned with CamScanner

अथवा वस्तुओ की ओर संकेत किया जाये, उन्हे निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।

**जैसे** ⇒ यह, वह, ये, वे आदि।

**उदाहरण** ⇒ यह पुस्तक मेरी है।
ये पुस्तकें रानी की हैं।
वह घर मेरा है।
वे मोहन के मित्र है।

यह और ये निकटवर्ती वस्तुओं और व्यक्तियों की ओर संकेत करते है तथा वह और वे दूर स्थित वस्तुओं एवं व्यक्तियों की ओर संकेत करते हैं।

Scanned with CamScanner

और संकेत करते हैं तथा ...

वस्तुओं एवं व्यक्तियों की ओर संकेत करते हैं।

**अनिश्चयवाचक सर्वनाम** → जिन सर्वनामों से निश्चित वस्तु स्थान एवं व्यक्ति का बोध न हो, उन्हे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।

**जैसे** → कोई, कुछ, किसी आदि।

**उदाहरण** → मुझे कुछ खाना है।
कोई आ रहा है।
किसी ने मुझे आवाज दी।

Scanned with CamScanner

कोई आ रहा है।
किसी ने मुझे आवाज दी।

**संबंधवाचक सर्वनाम** → जिन सर्वनाम शब्दों का दूसरे सर्वनाम शब्दों से संबंध ज्ञात हो तथा जो शब्द दो वाक्यों को जोड़ते हैं, उन्हें संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं।

**जैसे** → जो-सो, जैसे-वैसे, जिसकी-उसकी, जितना-उतना आदि

**उदाहरण** → जैसी करनी वैसी भरनी।
जिसकी लाठी उसकी भैंस।
जो परिश्रम करते हैं वो सफल होते हैं।

Scanned with CamScanner

Date.................

**प्रश्नवाचक सर्वनाम** । जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग प्रश्न पूछने के लिए किया जाता है, वे प्रश्नवाचक सर्वनाम कहलाते हैं।

**जैसे** ⇒ कौन, क्या, कहाँ आदि।

**उदाहरण** ⇒ तुम क्या खाना चाहते हो?

यह कौन है?

तुम कहाँ जा रहे हो?

Scanned with CamScanner

यह कौन है?

तुम कहाँ जा रहे हो?

**निजवाचक सर्वनाम** ⇒ जिन शब्दों का प्रयोग वक्ता (कर्ता) स्वयं के लिए करता है, वे निजवाचक सर्वनाम कहलाते हैं।

जैसे ⇒ स्वयं, आप, खुद, स्वतः आदि।

उदाहरण ⇒ मैं यह काम स्वयं कर लूंगा।

वह अपने आप आ जायेगा।

उसे अपना काम खुद करने दो।

Scanned with CamScanner